# U.P. Power Transmission Corporation Limited

उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

Office Of The
S.E. (TP & PSS)
3rd Floor,Shakti Bhawan Extn.
14-Ashok Marg Lucknow-226001

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता(टी० पी० एवं पी०एस०एस०)
तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार,
14, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्रांक : 221 –पा०/पा०नि०/बारहवीं योजना/समिति

दिनांक 22.5.13

विषय : कारपोरेशन द्वारा गठित "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की बारहवी योजना की 8वीं बैठक का कार्यवृत्त।

1. श्री आलोक कुमार, प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि० एवं अध्यक्ष, " पारेषण कार्य अनुमोदन समिति", शक्ति भवन,लखनऊ।
2. श्री एस०के०अग्रवाल, निदेशक (वित्त), उ०प्र० पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि० एवं सदस्य, "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति", शक्ति भवन,लखनऊ।
3. श्री ए०के०सिंह, निदेशक (आपरेशन), उ०प्र० पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि० एवं सदस्य, "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति",11वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ। ।
4. श्री एस०के०गर्ग, निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ०प्र० पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि० एवं सदस्य, "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति",शक्ति भवन,लखनऊ।
5. श्री एस०पी० श्रीवास्तव, मुख्य अभियन्ता (नियोजन), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि० एवं स्थायी आमंत्री "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता (ऊर्जा प्रणाली), उ०प्र० पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि० एवं स्थायी आमंत्री "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" पंचम तल, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. मुख्य अभियन्ता (पी०पी०एम०एम०), उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि० एवं स्थायी आमंत्री "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" 7वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

"पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनांक 17.05.13 को आहूत 12वीं योजनाकाल की 8वीं बैठक का कार्यवृत्त आपके संज्ञानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। उक्त बैठक का कार्यवृत्त उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि० की बेवसाइट www.upptcl.org के ongoing transmission works लिंक पर उपलब्ध है।

संलग्नक : यथोपरि।

( सुमन गुच्छ )
अधीक्षण अभियन्ता
(पारे० नियोजन एवं सदस्य संयोजक)

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य अभियन्ता (पारेषण पूर्व), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0,57 जार्ज टाउन, इलाहाबाद।
2. मुख्य अभियन्ता (पारेषण मध्य), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, अली मंजिल, फातिमा हास्पिटल के निकट,निशातगंज, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (पारेषण पश्चिम), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, यूनिवर्सिटी रोड़, अशोक नगर, मेरठ।
4. मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 64 खम्बा, बाईपास रोड़, सिकन्दरा, आगरा।
5. मुख्य अभियन्ता 765 के0वी0, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 11वॉं तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता (सी0एम0यू0टी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 11वॉं तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
7. मुख्य अभियन्ता (जानपद–पारेषण), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 9वॉं तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
8. मुख्य अभियन्ता (डी0एण्ड पी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 10वॉं तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9. इं0 वी0पी0 तिवारी, सलाहकार सम्बद्व (कार्य एवं परियोजना), लखनऊ।
10. इं0 पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्व निदेशक (आपरेशन) को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

संलग्नक : यथोपरि।

( सुमन गुच्छ )
अधीक्षण अभियन्ता
(पारे0 नियोजन एवं सदस्य संयोजक)

कारपोरेशन द्वारा गठित ''पारेषण कार्य अनुमोदन समिति'' की दिनांक 17.05.2013 को सम्पन्न 12वीं योजनाकाल की 8वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्न अधिकारी उपस्थित थे :–

सदस्य

1. श्री आलोक कुमार, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 एवं अध्यक्ष, समिति ।
2. श्री एस0के0अग्रवाल, निदेशक(वित्त),उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 एवं सदस्य, समिति ।
3. श्री ए0के0सिंह, निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 एवं सदस्य, समिति ।
4. श्री एस0के0गर्ग, निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 एवं सदस्य, समिति ।
5. श्री सुमन गुच्छ, अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0एवं पी0एस0एस0) एवं संयोजक सदस्य समिति।

अन्य

1. श्री अनुराग अग्रवाल, अधिशासी अभियन्ता (टी0पी0एवं पी0एस0एस0)।

निदेशक (आपरेशन) से प्राप्त तथा अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0एवं पी0एस0एस0) एवं संयोजक सदस्य ''पारेषण कार्य अनुमोदन समिति '' द्वारा प्रस्तुत पारेषण कार्यो के प्रस्तावों पर उनके औचित्य को ध्यान में रखते हुए समिति ने सम्यक् विचारोपरान्त निम्न निर्णय लिये :–

1. 220 के0वी0 उपकेन्द्र, भदौरा (गाजीपुर) का निर्माण :–

समिति के संज्ञान में लाया गया कि गाजीपुर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 220/132 के0वी0 उपकेन्द्र गाजीपुर (क्षमता 160+100 एम0वी0ए0) से की जा रही है जो कि रेडियल उपकेन्द्र है। गाजीपुर से पोषित होने वाले क्षेत्र (भदौरा, जमनिया आदि) के अन्य 132 के0वी0 उपकेन्द्र अपनी पूरी क्षमता पर होने तथा सम्बन्धित 132 के0वी0 इनकमिंग लाइनों की अतिभारिता से पोषण सम्भव नहीं है। गाजीपुर 220 के0वी0 उपकेन्द्र पर 220 के0वी0 अथवा 132 के0वी0 की किसी भी अन्य 'बे' के निर्माण के लिये स्थान उपलब्ध नहीं है जिससे उपकेन्द्र का विस्तार नहीं हो सकता है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों एवं भदौरा के आस पास क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को संज्ञान में लेते हुये 220 के0वी0 उपकेन्द्र भदौरा (गाजीपुर) के निर्माण की आवश्यकता है जिस हेतु आवश्यक भूमि ग्राम सभा से जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है।

समिति ने सम्यक् विचारोपरान्त 220 के0वी0 उपकेन्द्र भदौरा (गाजीपुर) का निर्माण निम्नवत अनुमोदित किया :–

i) 220/132 के0वी0 परिवर्तक – 2X100+2X40 एम0वी0ए0

ii) 220 के0वी0 सारनाथ (400) – साहुपूरी लाइन का लीलो एवं सम्बन्धित 'बे' – 85 किमी0

iii) 132 के0वी0 जमनिया – गाजीपुर लाइन का लीलो एवं सम्बन्धित 'बे' – 25 किमी0

iv) 132 के0वी0 एस0सी0 भदौरा – कुन्देसर लाइन – 25 किमी0

v) 132 के0वी0 उपकेन्द्र कुन्दसेर पर एक नग 132 के0वी0 'बे' का निर्माण – 1 नग

क्रमश : ........2

2. 132 के0वी0 उपकेन्द्र, चितबड़ागॉव (बलिया) का निर्माण :–

समिति के संज्ञान में लाया गया कि वर्तमान में चितबड़ागॉव के आस पास क्षेत्र 132 के0वी0 बलिया से पोषित हो रहे है । फीडरों के लम्बे होने एवं क्षेत्रीय भार की वृद्वि से लो वॉल्टेज की समस्या बनी रहती है जिसके कारण विद्युत आपूर्ति व्यवधान होते रहते है। लो वॉल्टेज, अतिभारिता एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए चितबड़ागॉव (बलिया) में 132 के0वी0 उपकेन्द्र के निर्माण की आवश्यकता है। आवश्यक भूमि जिला प्रशासन से सम्पर्क कर चिन्हित करने का प्रयास जारी है।

अतः समिति ने 132 के0वी0 उपकेन्द्र चितबड़ागॉव (बलिया) का निर्माण निम्नवत अनुमोदित किया :–

i) 132/33 के0वी0 परिवर्तक – 2X20 एम0वी0ए0

ii) 132 के0वी0 रसरा – बलिया लाइन का लीलो एवं सम्बन्धित 'बे' –20 किमी0

3. 132 के0वी0 उपकेन्द्र, सरेनी (रायबरेली) का निर्माण :–

समिति ने निर्णय लिया कि उपकेन्द्र के प्रस्ताव पर अतिरिक्त अध्ययन की आवश्यकता है अतः प्रस्ताव का गहन अध्ययन कर लिया जाये तब तक इसे लम्बित रखा जाये।

4. 400 के0वी0 उपकेन्द्र आगरा साउथ को GIS आधारित प्रणाली पर निर्मित करने सम्बन्धी प्रस्ताव :–

समिति के संज्ञान में लाया गया कि ललितपुर जवाहरपुर विद्युत गृहों की विद्युत निकासी में सहायक एवं आगरा के आस पास बढ़ते भार के दृष्टिगत 400/132 के0वी0 AIS पूर्व स्वीकृत है परन्तु AIS के लिए आवश्यक 45 एकड़ भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके कारण उपकेन्द्र को GIS प्रणाली आधारित प्रणाली निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। GIS के लिए मात्र 5 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी।

समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि GIS हेतु भूमि उपलब्धता सुनिश्चित होने पर ही विचार किया जा सकेगा।

5. 132 के0वी0 उपकेन्द्र (2X20 एम0वी0ए0) मुबारकपुर का निर्माण :–

132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मुबारकपुर (2X20 एम0वी0ए0) के निर्माण का अनुमोदन पारेषण कार्य अनुमोदन समिति की दिनांक 23.01.09 को सम्पन्न बैठक में किया जा चुका है। पूर्व अनुमोदन के अनुसार मुबारकपुर उपकेन्द्र को 132 के0वी0 आजमगढ – मुहम्मदाबाद लाइन का लीलो करके ऊर्जीकृत किया जाना था। वर्तमान में पारेषण क्षेत्र ने अवगत कराया है कि 132 के0वी0 आजमगढ़ – मुहम्मदाबाद लाइन, 66 के0वी0 पुराने टावरों पर डाग कन्डक्टर से निर्मित डबल सर्किट लाइन को बण्डलिंग करके 132 के0वी0 सिंगल पर एकल पथ के रूप में प्रयोग में लाई जा रही है। क्षेत्र द्वारा पुनर्विचार कर यह सूचित किया गया है कि पुराने टावरों की इस लाइन के मुबारकपुर पर लीलो किये जाने से नवनिर्मित 132 के0वी0 मुबारकपुर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराने में कठिनाई होगी। अतः 132 के0वी0 उपकेन्द्र मुबारकपुर के लिये 220 के0वी0 उपकेन्द्र आजमगढ़ से एक अलग 132 के0वी0 लाइन का निर्माण आवश्यक है।

क्रमशः : .......3

अतः सम्यक् विचारोपरान्त समिति ने 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मुबारकपुर के निर्माण को पुनरीक्षित करते हुए निम्नवत अनुमोदित किया :–

i) 132/33 के0वी0 परिवर्तक – 2X20 एम0वी0ए0

ii) 132 के0वी0 एस0सी0 आजमगढ़ (220) – मुबारकपुर लाइन –10 किमी0

iii) 220 के0वी0 आजमगढ़ उपकेन्द्र पर एक नग 132 के0वी0 'बे' का निर्माण।

( सुमन गुच्छ )
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0एवं पी0एस0एस0)
एवं संयोजक सदस्य समिति

( एस0 के0 अग्रवाल )
निदेशक(वित्त),
एवं सदस्य समिति

( ए0 के0 सिंह )
निदेशक (आपरेशन),
एवं सदस्य, समिति

( एस0 के0 गर्ग )
निदेशक (कार्य एवं परियोजना)
एवं सदस्य, समिति

( आलोक कुमार )
प्रबन्ध निदेशक,
एवं अध्यक्ष समिति